तत्काल
अत्यावश्यक

**म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड**
**26, किसान भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल**

क./ बी–6/नियमन/उपविधि/अवकाश/329 भोपाल,दिनांक 16/05/2017

प्रति,

अपर/संयुक्त/उप संचालक
म. प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
भोपाल, इन्दौर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, सागर, रीवा

02 सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति
.................... जिला ...........................(समस्त)

विषयः– मंडी समितियो में अवकाश के संबंध मे।

संदर्भः– 01. बोर्ड मुख्यालय का आदेश क्रमांक/बी–6/नियमन/उपविधि/संशोधन / 3782–83 दिनांक 09.04.2015

02. बोर्ड मुख्यालय का आदेश क्रमांक/बी–6/नियमन/उपविधि/संशोधन /6208 दिनांक 28.03.2017

1. यह संज्ञान मे लाया गया है कि कतिपय मण्डी समितियों के द्वारा माह के दुसरें एंव चौथें शनिवार को बैंक अवकाश होने के कारण मंडियों में कृषि विपणन कार्य का भी अवकाश रखा जा रहा है ।

2. मण्डी समितियों में अवकाश के संबंध में उपरोक्त संदर्भित पत्रों के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये हैं जिनका अवलोकन करे । यहाॅ यह भी पुनः दोहराया जाना उचित होगा कि, राज्य शासन ने किसानों की उपज का मंडियों में विक्रय उपरांत भुगतान को सुगम बनाये जाने के लिये राजपत्र क्रमाॅक 530 दिनाॅक 19 दिसम्बर 2016 के माध्यम से आर.टी.जी.एस. (RTGS)/एन.ई.एफ.टी (NEFT)/ बैकर्स चैक/अकाउन्ट पेयी चैक से किये गये भुगतान को, मान्य प्रकिया धोषित किया गया है ।

3. भुगतान की उपरोक्त वर्णित मान्य प्रक्रिया के कारण, यदि, शनिवार को बैक अवकाश होता है, तो भी मंडियों में कृषि विपणन का कार्य सुचारू जारी रखने में कोई कठिनाई नही है ।

4. कृषक हित में अतः यह निर्देश दिये जाते है कि, कंडिका 1 में उल्लेखानुसार बैक अवकाश होने मात्र के कारण, मण्डी समितियों में कृषि विपणन का कार्य बंद नही रखा जायेगा और मंडी प्रबंधन इस विषय पर लाइसेंसी व्यापारियों, व्यापारी ऐसोसिऐशनों व अन्य कृत्यकारियों से समन्वय, संवाद कर कृषकों के हित में कृषि विपणन व्यवस्था को निर्बाध रखने के लिए अग्रिम रूप से कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित् करें।

कृषक हित में उपरोक्त निर्देशों के पालन को सर्वोच्च प्राथमिकता देंवे।

(राकेश श्रीवास्तव)
प्रबंध संचालक
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क./ बी–6/नियमन/उपविधि/अवकाश/330 भोपाल,दिनांक 16/05/2017

प्रतिलिपि :–

1– विशेष सहायक, मान0 अध्यक्ष, म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।

2– प्रमुख सचिव, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग भोपाल।

प्रबंध संचालक
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल